**NATIONAL SERVICE SCHEME**

**MAHILA SNATKOTTAR MAHAVIDYALAYA, BAHRAICH**

**2023-24**



**Professor (Dr.) Priya Mukherjee**

Principal/Patron



**Dr. Amrita Mishra**

Program Officer

# महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय,बहराइच(उ0प्र0)

सम्बद्ध : डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध **विश्वविद्यालय**,अयोध्या

## राष्ट्रीय सेवा योजना

## सप्त दिवसीय (**विशेष शिविर**)

दिनॉक–09–03–2024 से

दिनांक–15–03–2024तक

## सत्र : 2023–2024

महिला महाविद्यालय, बहराइच की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक का विशेष शिविर दिनांक 09–03–2024 से ग्राम सिसई हैदर तेजवापुर में प्रारम्भ हुआ। प्रातः महाविद्यालय से 50 छात्राओं को लेकर शिविर स्थल प्राथमिक विद्यालय सिसई हैदर को प्रस्थान किया गया। वहां पहुंचकर छात्राओं ने सर्वप्रथम शिविर स्थल की साफ–सफाई करके अपने साथ लाए सारे सामान को तत्परता के साथ व्यवस्थित किया। शिविर का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.(डॉ0)प्रिया मुखर्जी, विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या डॉ0 मोहिनी गोयल, पूर्व प्रवक्ता डॉ0 रंजना उपाध्याय, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ0अमृता मिश्रा द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। तत्पश्चात छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

सम्माननीय अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात शिविर को संबोधित करते हुए प्राचार्या ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए छात्राओं को उन्हें अपनाने हेतु प्रोत्साहित

किया। डॉ0 रंजना उपाध्यायने राष्ट्रीय सेवा योजना की परिकल्पना एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके अन्तर्गत होने वाले सामुदायिक विकास कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने समस्त छात्राओं को पांच टोलियों रजिया सुल्ताना, उदा देवी, रानी लक्ष्मीबाई, कल्पना चावला तथा अहिल्याबाई में विभाजित कर उन्हें शिविर के नियम एवं उद्‌देश्यों से परिचित कराते हुए जिम्मेदारी व अनुशासन से कार्य करने को प्रेरित किया। डॉ0 अमृता मिश्रा ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात् छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए ग्राम वासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना कुलगीत एवं राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 रीमा शुक्ला ने किया। इस दौरान डॉ0 सायरा खातून सहयोगिया में कमल मिश्रा, राजकुमार एवं राजन उपस्थित रहे।

## एनएसएस के मूल उद्देश्य बताए, छात्राओं को किया प्रेरित

बहराइच। महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई प्रथम का सिरसई हैदर गांव में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना कुलगीत व राष्ट्रगान के साथ पहले दिन के शिविर का समापन हुआ।

प्राचार्य प्रो. प्रिया मुखर्जी ने कहा कि एनएसएस शिविर छात्राओं को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करता है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। डॉ. रंजना उपाध्याय ने राष्ट्रीय सेवा योजना की परिकल्पना एवं महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा ने छात्राओं को पांच टोलियों रजिया सुल्तान, उदा देवी, रानी लक्ष्मीबाई, कल्पना चावला, अहिल्याबाई में विभाजित किया। उन्होंने शिविर के नियम एवं उद्देश्य से परिचित कराते हुए जिम्मेदारी व अनुशासन से कार्य करने को प्रेरित किया।

इसके पहले शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य डा. मोहिनी गोयल, पूर्व प्रवक्ता डॉ.रंजना उपाध्याय, ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीमा शुक्ला ने किया। इस अवसर पर डॉ. सायरा खातून, कमल मिश्रा, राजकुमार एवं राजन उपस्थित रहे। (संवाद)

## स्वच्छता संदेश के साथ महिला पीजी कॉलेज का एनएसएस शिविर शुरू



## स्वच्छता संदेश के साथ महिला पीजी कॉलेज का एनएसएस शिविर शुरू



दिनांक–10–03–2024 को शिविर के दूसरे दिन प्रातः मैंने छात्राओं के साथ शिविर स्थल की ओर प्रस्थान किया। शिविर स्थल पहुंचकर सर्वप्रथम छात्राओं की उपस्थिति ली गई तत्पश्चात् छात्राओं ने पंक्तिबद्ध होकर राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत एवं राष्ट्रगान गाया। फिर मैने उन्हें आज के कार्यों का दिशा निर्देश दिया । तत्पश्चात् छात्राओं ने योगाभ्यास किया

इसके बाद छात्राओं ने नाश्ता किया तथा टोली नायिकाओ के साथ प्रवक्तागणों के निर्देशन में कार्यस्थल की ओर प्रस्थान किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अहिल्याबाई टोली ने स्वच्छता का कार्य किया, कल्पना चावला टोली ने भोजन तैयार करने की जिम्मेदारी सम्हाल ली और लगन से काम में जुट गई। उदा देवी टोली ने लोगों को मतदान का महत्व बताते हुए लोगों को निष्पक्ष होकर मतदान करने को प्रेरित किया। रानी लक्ष्मीबाई टोली ने ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व से परिचित कराते हुए प्रौढ़ महिलाओं को अक्षर ज्ञान कराया व उन्हें अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया,रजिया सुल्ताना टोली ने सम्पूर्ण स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु विभिन्न बीमारियों

के कारण एवं बचाव, जननी एवं शिशु सुरक्षा अभियान के तहत माताओं एवं शिशुओं को लगने वाले टीकों व सुरक्षा की जानकारी दी।

शिविर के प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा,श्रीमती तनवीर फातिमा के प्रतिनिधित्व में छात्राओं ने गांव की गलियों में झाडू लगाकर चूने का छिड़काव किया एवं स्वच्छता सम्बन्धी नारे लगाते हुए रैली निकालकर गांववासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने को प्रेरित किया।

शिविर के द्वितीय सत्र में श्रीमती तनवीर फातिमा ने छात्राओं एवं ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विषय पर व्याख्यान देते हुए मार्गदर्शित किया। शिविर का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 अमृता मिश्रा ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कुलगीत तथा राष्ट्रगान के साथ शिविर के दूसरे दिन का समापन हुआ । आज के दिन शिविर में श्री अतुल राव, श्री नवीन कश्यप, श्री इरफान अली एवं श्री राजन ने अपना सहयोग प्रदान किया।


# एनएसएस शिविर के दूसरे दिन गूंजे क्लीन सिटी, ग्रीन सिटी, यही हमारा ड्रीम सिटी जैसे नारे

➤ शिविरार्थियों ने ताजखोदाई समेत कई गांवों का भ्रमण कर दिया स्वच्छता का संदेश

## कुलगीत तथा राष्ट्रगान से शुरू हुआ एन एस एस शिविर का दूसरा दिन



…राजस्व में वृद्धि कर रही है तो दूसरी तरफ ऐसे बाइक चालकों को आर्थिक दंड देते हुए




हिदायत दी जा रही है। महिला पुलिस सुमन राज ने कहा हम लोग बाइक सवार चालकों को यातायात नियमों का पालन करते हुए हमेशा बाईं की तरफ से चलने की नसीहत भी दे रहे हैं। मौके पर महिला दारोगा नीतू कुमारी ने कहा अब अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित कर लिया गया है। धीरे धीरे लोग जागरूक भी हो रहे हैं। आगे उन्होंने कहा ट्रिपल लोडिंग बाइक सवार से एक हजार रुपए और हेलमेट नहीं पहनने पर पांच सौ रुपए का चालान काट कर राशि की वसूली की जा रही है। स्थानीय पान रेस्ट हाउस के प्रोपराइटर रिंकि जायसवाल कहते हैं कि जब से शहर में यातायात थाना की स्थापना हुई है तब से घंटाघर चौक पर ट्रैफिक पुलिस पदाधिकारियों के कारण अनावश्यक रूप से जाम भी नहीं लगता है। उन्होंने जिला वासियों से अपील किया कि भूलकर भी ट्रिपल लोडिंग कर बाइक नहीं चलाएं अन्य चालान के द्वारा आर्थिक दंड देने को तैयार रहें। आम नागरिक एवं वाहन चालक यातायात पुलिस की सक्रियता को देख काफी खुश हैं।

# कुलगीत तथा राष्ट्रगान से शुरू हुआ महिला पीजी कॉलेज के एनएसएस शिविर का दूसरा दिन

### ग्राम सिसई हैदर में शिविरार्थी छात्राओं ने महिलाओं से किया सीधा संवाद

अजय त्रिपाठी

बहराइच विश्व फलक। शहर के महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वावधान में ग्राम सिसई हैदर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा के निर्देशन में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन का प्रारंभ छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना कुल गीत तथा राष्ट्रगान गाकर किया। इसके बाद डॉक्टर अमृता मिश्रा ने छात्राओं की पांचों टोलियों के कार्यों का निर्धारण करते हुए सिसई हैदर गांव में स्वच्छता, साक्षरता तथा मतदाता जागरूकता अभियान के लिए निर्देशित किया। शिविर के प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा, तनवीर फातिमा के प्रतिनिधित्व में छात्राओं ने गांव में मतदाता जागरूकता अभियान, स्वच्छता अभियान, महिला स्वास्थ्य एवं प्रौढ़ शिक्षा के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया तथा गांव की गलियों में झाड़ू लगाकर चूने का छिड़काव किया एवं स्वच्छता संबंधी नारे लगाते हुए रैली निकालकर ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने को प्रेरित किया। शिविर के द्वितीय सत्र में तनवीर फातिमा ने छात्राओं एवं ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विषय पर व्याख्यान देते हुए मार्गदर्शित किया। शिविर का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अमृता मिश्रा ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कुल गीत तथा राष्ट्रगान के साथ शिविर के दूसरे दिन का समापन हुआ। आज के दिन शिविर में अतुल राव, नवीन कश्यप, इरफान अली एवं राजन ने भी सहयोग प्रदान किया।



# मोदी एवं योगी के नेतृत्व में सभी वर्गों को मिल रहा योजनाओं का भरपूर लाभ : अनुपमा जायसवाल

### सदर विधायक ने नगर में किया लाभार्थियों से संपर्क

सचिन श्रीवास्तव

बहराइच विश्व फलक सदर विधानसभा के अंतर्गत रविवार को वार्ड संख्या 37…

# कुलगीत तथा राष्ट्रगान से शुरू हुआ महिला पीजी कॉलेज के एनएसएस शिविर का दूसरा दिन



स्वच्छता अभियान और मतदाता जागरूकता अभियान चलाती एनएसएस की छात्राएं

### » ग्राम सिसई हैदर में शिविरार्थी छात्राओं ने महिलाओं से किया सीधा संवाद

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहराइच।** शहर के महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वावधान में ग्राम सिसई हैदर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा के निर्देशन में आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन का प्रारंभ छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना कुल गीत तथा राष्ट्रगान गाकर किया। तत्पश्चात डॉक्टर अमृता मिश्रा ने छात्राओं की पांचों टोलियों के कार्यों का निर्धारण करते हुए सिसई हैदर गांव में स्वच्छता, साक्षरता तथा मतदाता जागरूकता अभियान के लिए निर्देशित किया।

शिविर के प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमृता मिश्रा, तनवीर फातिमा के प्रतिनिधित्व में छात्राओं ने गांव में मतदाता जागरूकता अभियान, स्वच्छता अभियान, महिला स्वास्थ्य एवं प्रौढ़ शिक्षा के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया तथा गांव की गलियों में झाड़ू लगाकर चूने का छिड़काव किया एवं स्वच्छता संबंधी नारे लगाते हुए रैली निकालकर ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने को प्रेरित किया। शिविर के द्वितीय सत्र में तनवीर फातिमा ने छात्राओं एवं ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विषय पर व्याख्यान देते हुए मार्गदर्शित किया। शिविर का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अमृता मिश्रा ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कुल गीत तथा राष्ट्रगान के साथ शिविर के दूसरे दिन का समापन हुआ।

### शिविर के दूसरे दिन गूंजे क्लीन सिटी, ग्रीन सिटी, यही हमारा ड्रीम सिटी जैसे नारे

किसान पीजी कॉलेज बहराइच में एनएसएस विशेष शिविर के दूसरे दिन सभी स्वयं सेवकों ने हल्के व्यायाम के साथ दिन की शुरुआत की। कार्यक्रम अधिकारी सीडी सिंह बिसेन ने स्वच्छता और प्लास्टिक प्रदूषण पर सभी को जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अजय प्रताप सिंह ने सभी स्वयंसेवकों का आह्वान करते हुए सर्वप्रथम अपने कॉलेज कैंपस को प्लास्टिक मुक्त करने का अभियान चलाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिषेक सिंह ने प्लास्टिक हटाओ देश बचाओ का नारा लगाते हुए सभी बच्चों से इस मुहिम को जन आंदोलन में बदलने का आह्वान किया।



## कुलगीत तथा राष्ट्रगान से शुरू हुआ महिला पीजी कॉलेज के एन एस एस शिविर का दूसरा दिन

### ग्राम सिसाई हैदर में शिविरार्थी छात्राओं ने महिलाओं से किया सीधा संवाद

राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME

दिनांक 11—03—2024 को सप्त दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस,पूर्व दिवसों की भाँति छात्राओं को महाविद्यालय से शिविर स्थल प्राथमिक विद्यालय सिसई हैदर तेजवापुर की ओर ले जाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत तथा राष्ट्रगान के साथ किया गया।

शिविर के प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा द्वारा टोलियों को कार्य वितरित किया गया। आज के विशेष शिविर की थीम "जनसंख्या नियन्त्रण एवं साक्षरता" विषय पर केन्द्रित थी।

अतः छात्राओं ने डॉ0 अमृता मिश्रा, डॉ0 आकांक्षा पटेल, डॉ0 सायरा खातून, श्रीमती तनवीर फातिमा एवं श्रीमती छाया यादव के नेतृत्व में जनसंख्या नियन्त्रण व साक्षरता सम्बन्धी नारे लगाते हुए रैली निकाली। इस क्रम में रजिया सुल्ताना टोली की छात्राओं ने डॉ0 आकांक्षा पटेल के प्रतिनिधित्व में ग्राम सिसई हैदर जाकर गांव की महिलाओं को शिक्षा की उपयोगिता के विषय में बताया। इसके साथ ही सरकारी विद्यालयों में चलने वाली योजनाओं की जानकारी दी। छात्राओं ने गांव की महिलाओं को शिक्षा के

प्रति जागरूक करते हुए हस्ताक्षर करना सिखाया तथा अपने बच्चों को विद्यालय भेजने का संकल्प दिलावाया। श्रीमती तनवीर फातिमा एवं श्रीमती छाया देवी के नेतृत्व में उदा देवी टोली की छात्राओं ने श्रमदान करते हुए गांव के रास्तों को साफ किया तथा उन्हें कूड़ा निस्तारण के विषय में जानकारी दी व खुले में शौच करने से होने वाली बीमारियों के विषय में बताया। कल्पना चावला की टोली की छात्राओं ने ग्रामवासियों को मतदान के विषय में जागरूक किया। रानी लक्ष्मीबाई टोली की छात्राओं द्वारा भोजन तैयार किया गया व अन्य छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अभ्यास भी किया। प्रथम सत्र में कुमारी चांदनी अग्रहरि ने नारी स्वतन्त्रता व महिला स्वावलम्बन विषय पर वक्तव्य दिया। उन्होंने गांव की महिलाओं व छात्राओं को ड्रेस डिजाइन, सिलाई तथा अन्य कुटीर उद्योग के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला को स्वावलम्बी बनने का प्रयास करना चाहिए, आर्थिक विकास महिला स्वतन्त्रता की पहली सीढ़ी है, साथ ही उन्होंने सरकार द्वारा संचालित होने वाली योजनाओं की जानकारी दी।

शिविर के द्वितीय सत्र में डॉ0 रामदेव चातक ने छात्राओं को उनकी टोली नायिकाओं उदा देवी, रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्याबाई, रजिया सुल्ताना एवं कल्पना चावला का परिचय देते हुए उनकी शौर्य गाथा सुनाई  एवं उनसे प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत तथा राष्ट्रगान के साथ शिविर के दूसरे दिन का समापन हुआ। आज के दिन श्री अतुल राव, श्री नवीन कश्यप एवं राजकुमार भी उपस्थित रहे।

# जनसंख्या नियंत्रण व साक्षारता का पाठ

बहराइच। सिसई हैदर में चल रहे विशेष शिविर के तीसरे दिन सोमवार को एनएसएस के स्वयंसेवकों की ओर से ग्रामीणों को जनसंख्या नियंत्रण व साक्षारता विषय के बारे में जागरूक किया। गांव में अभियान चलाकर सड़कों को स्वच्छ भी किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा की मौजूदगी में छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना गीत व राष्ट्रगान का गायन किया।

रानी लक्ष्मी बाई टोली की छात्राओं ने डॉ. आकांक्षा पटेल के नेतृत्व में गांव की महिलाओं को शिक्षा की उपयोगिता के विषय में बताया। विद्यालयों में चलने वाली योजनाओं की जानकारी दी।

## मतदाताओं को किया जागरूक

बहराइच। महिला महाविद्यालय के एनएसएस की छात्राओं ने सिसई हैदर गांव में रविवार को कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा के नेतृत्व में स्वच्छता, साक्षरता तथा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान छात्राओं ने गांव की सफाई की तथा रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर तनवीर फातिमा, अतुल राम, नवीन कश्यप, इरफान अली, राजन आदि मौजूद रहे। (संवाद)

दिनांक–12–03–2024 को महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वाधान में आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन छात्राओं

द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत के साथ किया गया। इसके बाद छात्राओं को योगाभ्यास करवाया गया।

तत्पश्चात् शिविर के प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा द्वारा टोलियों को कार्य वितरित किया गया। आज के विशेष शिविर की थीम ष्मतदाता जागरुकता विषय पर केन्द्रित थी। अतः छात्राओं ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवं महिला मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया। इस क्रम में रानी लक्ष्मीबाई टोली की छात्राओं ने डॉ0 सायरा खातून, डॉ0 प्रियंका श्रीवास्तव एवं डॉ0 आकांक्षा पटेल के नेतृत्व में ग्राम सिसई हैदर जाकर ग्रामीणों को लोकतन्त्र में मतदान के महत्व को बताया एवं बढ़–चढ़कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उनके हाथों में लोकतन्त्र का सबसे बड़ा पर्व है, मतदान करना हमारा फर्ज है। सारा काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो स्लोगन लिखी तख्तियां थीं। श्रीमती तनवीर, श्रीमती छाया के नेतृत्व में उदा देवी टोली की छात्राओं ने रैली निकालते हुए ग्रामीणों को विवेकपूर्वक अपने मत का उपयोग करते हुए योग्य जन प्रतिनिधियों को

चुनने के लिए जागरूक किया एवं शपथ दिलाई। कल्पना चावला टोली की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित रंगोली बनाई एवं आशु भाषण प्रस्तुत किया। अहिल्या बाई टोली की छात्राओं ने भोजन तैयार किया एवं रजिया सुल्ताना टोली ने सांस्कृति कार्यक्रमों का अभ्यास तथा स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग किया। कल्पना चावला टोली ने साक्षरता अभियान चलाया।

द्वितीय सत्र में डॉ0 प्रियंका श्रीवास्तव का महिला सुरक्षा, समानता एवं समावेशन विषय पर वक्तव्य आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि जिस गति से महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ रहे हैं, उन्हें घरेलू हिंसा एवं कार्यस्थल पर लैंगिक भेदभाव का शिकार होना पड़ रहा है, उससे उबरने के लिए जरूरी है कि इस पर खुल कर बात की जाए और छात्राओं को इस विषय में जागरूक किया जाए। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनी और संवैधानिक अधिकारों से छात्राओं को परिचित कराया साथ ही साथ सरकार द्वारा महिला सुरक्षा हेतु बनाए निर्भया फंड, आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली, साइबर अपराध पोर्टल, वन स्टाप

सेंटर के विषय में छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहकर समाज और राष्ट्र के उत्थान में सक्रिय योगदान करने हेतु प्रेरित–प्रोत्साहित किया।राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत तथा राष्ट्रगान के साथ शिविर के चतुर्थ दिन का समापन हुआ। आज के दिन श्री अतुल राव, श्री नवीन कश्यप एवं राजकुमार ने अपना सहयोग प्रदान किया।



## मतदाताओं को किया जागरूक

**बहराइच।** महिला महाविद्यालय के एनएसएस की छात्राओं ने सिसई हैदर गांव में रविवार को कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा के नेतृत्व में स्वच्छता, साक्षरता तथा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान छात्राओं ने गांव की सफाई की तथा रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के महत्वं के बारे में बताया। इस अवसर पर तनवीर फातिमा, अतुल राव, नवीन कश्यप, इरफान अली, राजन आदि मौजूद रहे। (संवाद)

दिनांक–13–03–2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत तथा राष्ट्रगान के साथ किया गया। उसके बाद छात्राओं की उपस्थिति ली गई तथा उन्हें योगाभ्यास करवाया गया। नाश्ते के पश्चात् शिविर के प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा द्वारा टोलियों को कार्य वितरित किया गया। आज के विशेष शिविर की थीम धूम्रपान निषेध दिवस पर केन्द्रित थी। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य धूम्रपान के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरुकता फैलाना और धूम्रपान मुक्त वातावरण के महत्व को बढ़ावा देना है। बच्चे और किशोर विशेष रूप से तम्बाकू विपणन और विज्ञापन के प्रभाव के प्रति काफी संवेदनशील होते हैं और इसे ग्लैमर से जोड़कर देखते हैं। वे इसके जोखिमों और दुष्प्रभावों के बारे में गलत धारणाएँ कायम करते हैं। अतः रानी लक्ष्मीबाई टोली की

छात्राओं ने डॉ0 प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ0 आकांक्षा पटेल के प्रतिनिधित्व में ग्राम सिसई हैदर जाकर ग्रामीणों को धूम्रपान छोड़ने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया श्रीमती तनवीर फातिमा एवं श्रीमती छाया के नेतृत्व में उदा देवी टोली की छात्राओं ने ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराते हुए रैली निकाली और उन्हें यातायात के नियमों का पालन करनेकी शपथ दिलाई। अहिल्याबाई की टोली की छात्राओं ने महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए हस्ताक्षर करना सिखाया तथा अपने बच्चों को विद्यालय भेजने का संकल्प दिलवाया। कल्पना चावला टोली की छात्राओं ने स्वच्छता हेतु श्रमदान करते हुए गांव के रास्तों को साफ किया कूड़ा निस्तारण के विषय में जानकारी दी व खुले में शौच करने से होने वाली बीमारियों के विषय में बताया। रजिया सुल्तना टोली की छात्राओं ने ग्रामीणों को मतदान के विषय में जागरूक किया।

दोपहर के भोजन के पश्चात् द्वितीय सत्र में डॉ0 संजय पाल सिंह जी का डिजिटल साक्षरता और जागरुकता विषय पर वक्तव्य आयोजित किया गया। उन्होने कहा कि हम डिजिटल युग में प्रवेश कर चुके हैं। मल्टीमीडिया

मोबाइल सबके हाथों में है। इन्टरनेट की सुलभता ने उन्हें दुनिया से तो जोड़ दिया है लेकिन हमारे देश की बड़ी आबादी को उसके सुरक्षित प्रयोग की जानकारी नहीं है। इन्टरनेट के सही और सुरक्षित उपयोग के लिए डिजिटल, साक्षरता और जागरुकता दोनों को बढ़ाना होगा। उन्होंने डिजिटल फ्रॉड को रोकने के लिए बनाए गए कानूनों से छात्राओं को अवगत कराया। राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्यगीत तथा राष्ट्रगान के साथ शिविर के पांचवे दिन का समापन हुआ ।आज के दिन श्री नवीन कश्यप एवं राजन उपस्थित रहे।



amarujala.com/lucknow
लखनऊ | बृहस्पतिवार • 14.03.2024

अमर उजाला 4

## तंबाकू के दुष्परिणामों के बारे में बताया

बहराइच। कोतवाली देहात के मिरदई हैदर में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पांचवें दिन धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने ग्रामीणों को तंबाकू के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा के निर्देशन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम मनाने का मुख्य उद्देश्य धूम्रपान के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना और धूम्रपान मुक्त वातावरण के महत्व को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में मिरदई हैदर गांव में ग्रामीणों को धूम्रपान छोड़ने व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर काफी संख्या में एनएसएस की छात्राएं मौजूद रहीं। (संवाद)



धूम्रपान निषेध तथा डिजिटल जागरूकता पर आधारित रहा एनएसएस विशेष शिविर

स्वयं जागरूक होकर ग्रामीण महिलाओं को भी शिक्षित और जागरूक बना रही महिला पीजी कॉलेज की छात्राएं

दिनांक  14—03—2024 को महिला महाविद्यालय बहराइच की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन का शुभारम्भ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा के निर्देशन में किया गया।शिविर की शुरुआत छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाकर एवं देशभक्ति के नारे लगाकर की गई।योगाभ्यास एवं नाश्ते के पश्चात टोलियों को उनका कार्य वितरित किया गया। आज के विशेष शिविर  की थीम हरीभरी प्रकृति धरती संरक्षित रहे प्रकृषित विषय पर केन्द्रित थी । इस थीम को रखने का मुख्य उद्देश्य प्रकुरित संरक्षण एवं संवर्द्धन के बारे में जागरूकता फैलाना और प्रदूषण मुक्त वातावरण को

बढ़ावा देना है। जीवन की दृष्टि से पर्यावरण मानव के लिए सर्वोच्च आवश्यकता है। जल, जंगल और जमीन तीनों उसके प्रमुख, आधार हैं। विकास के मौजूदा मण्डल की विफलता यह है  जीवन के इन तीनो आधारों को  प्रदूषण ने ग्रसित कर लिया है।आज देश की आबादी का बड़ा हिस्सा शुद्ध हवा पानी जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से भी वंचित है। समाज में वृक्षारोपण की संस्कृति विकसित हो तभी यह एक अभियान के रूप में पर्यावरण को पोषित कर जनोन्मुखी गतिविधि के रूप में स्थापित होगी क्योंकि उपभोक्तावादी संस्कृतिके विस्तार ने जंगलों को नष्ट कर दिया है। अतः रानी लक्ष्मीबाई टोली की छात्राओं ने डॉ0 प्रियंका श्रीवास्तव एवं डॉ0 आकांक्षा पटेल के नेतृत्व में ग्राम सिसई हैदर जाकर पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एवं वृक्षारोपण किया। पर्यावरण का संकट मानव अस्तित्व को चुनौती दे रहा है। अगर हमने इसे गंभीरता से नहीं लिया तो पृथ्वी का जीवन अस्तित्व ही संकट में पड़ जाएगा इसलिए जरूरी है कि समय रहते खुले वनों की सघनता को बढ़ाएँ। छात्राओं ने रैली निकालकर ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और हरित जीवन

शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कल्पना चावला टोली की छात्राओं ने साक्षरता अभियान के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय के छात्र– छात्राओं को पढ़ाया, प्रश्न पूछे तथा उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया। स्वास्थ्य जागरूकता के अंतर्गत उदा  देवी टोली की छात्राओं ने महिलाओं को टीकाकरण,आयरन एवं विटामिन की कमी से होने वाली बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। अहिल्याबाई टोली की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों को निष्पक्ष होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। रजिया सुल्ताना टोली की छात्राओं ने भोजन तैयार किया ।छात्राओं ने संस्कृतिककार्यक्रमों का अभ्यास भी किया।

भोजन के पश्चात् पश्चात् शिविर के द्वितीय सत्र में डॉ0 उमेश प्रताप सिंह जी का जल संरक्षण विषय पर वक्तव्य आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि भूजल के प्रयोग में हम विश्व में शीर्ष पर हैं। भूजल स्तर दिनोंदिन नीचे गिरता जा रहा है इसलिए जल संरक्षण और इसके पुनः प्रयोग पर हम सभी का विशेष ध्यान होना चाहिए जोकि जनसहभागिता के बिना संभव नहीं है। उन्होंने जल संरक्षण के प्रयासों, चलाई जा रही

योजनाओं और उनके क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से बताते हुए छात्राओं को जागरूक किया। राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत तथा राष्ट्रगान के साथ शिविर के छठें दिन का समापन हुआ। आज के दिन श्री अतुल राव, श्री नवीन कश्यप एवं राजकुमार ने भी अपना सहयोग प्रदान किया



## सार्थक परिवर्तन लाने में सहायक होते हैं एनएसएस के कार्यक्रम : सुधा टेकड़ीवाल

**सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ महिला पीजी कॉलेज में एनएसएस के विशेष शिविर का हुआ समापन**

अजय त्रिपाठी

बहराइच विश्व फलक। महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक द्वारा चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रो. प्रिया मुखर्जी ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को मुक्तकंठ से सराहा। उन्होंने कहा कि एनएसएस जैसे कार्यक्रम हमें समाज एवं राष्ट्र के प्रति जागरूक कर सार्थक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने एनएसएस शिविर के आयोजन की सराहना की और छात्राओं से कहा कि शिविर में अर्जित ज्ञान को दूसरों से भी साझा करें तभी शिविर का उद्देश्य सार्थक होगा। प्राचार्या डॉ. प्रिया मुखर्जी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में प्रतिभाग करके अपने व्यक्तित्व को निखारना चाहिए। आज की हमारी छात्राएं ही हमारा कल का भविष्य लिखेंगी। एनएसएस शिविर छात्राओं को शिक्षा के साथ साथ संस्कारों एवं सरोकारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस मौके पर छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रा प्रतीक्षा, राधिका,रिचा, सात्वी ओमर ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। गायत्री विश्वकर्मा और महक ने राधा कैसे न जले , मनिका ने हर देश में तू तथा सात्वी ओमर ने ओ री पिया गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। छात्राओं ने जल बचाओ,जीवन बचाओ तथा मतदाता जागरूकता पर लघु नाटिका का मंचन कर सार्थक सन्देश दिया। शगुफ्ता ने स्वरचित गुरुवर में संसार समाया गीत तथा होली डांस से सबका मनमोह लिया। डॉ. अमृता मिश्रा ने सप्तदिवासीय शिविर की विस्तृत आख्या प्रस्तुत कर अतिथियों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि करुणामय है,कमजोर नहीं है ये दिखा रही हैं बेटियां,हर क्षेत्र के शिखर पर परचम लहरा रही हैं बेटियां। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्राओं का उत्साह उरूज पर था। कार्यक्रम का संचालन डॉ रीमा शुक्ला ने किया। इस दौरान डॉ. रीता शुक्ला, डॉ. मनीषा खन्ना, डॉ. सायरा खातून, डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ. आकांक्षा पटेल, डा. मनीषा गुप्ता,डॉ सीमा यादव डा. मधुबाला समेत महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सार्थक परिवर्तन लाने में सहायक होते हैं एनएसएस के कार्यक्रम : सुधा टेकड़ीवाल

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ महिला पीजी कॉलेज में एनएसएस के विशेष शिविर का हुआ समापन

अजय त्रिपाठी

बहराइच विश्व फलक। महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक द्वारा चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रो. प्रिया मुखर्जी ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को मुक्तकंठ से सराहा। उन्होंने कहा कि एनएसएस जैसे कार्यक्रम हमें समाज एवं राष्ट्र के प्रति जागरूक कर सार्थक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने एनएसएस शिविर के आयोजन की सराहना की और छात्राओं से कहा कि शिविर में अर्जित ज्ञान को दूसरों से भी साझा करें तभी शिविर का उद्देश्य सार्थक होगा। प्राचार्या डॉ. प्रिया मुखर्जी ने कहा कि राष्ट्रीय




सेवा योजना के शिविर में प्रतिभाग करके अपने व्यक्तित्व को निखारना चाहिए। आज की हमारी छात्राएं ही हमारा कल का भविष्य लिखेंगी। एनएसएस शिविर छात्राओं को शिक्षा के साथ साथ संस्कारों एवं सरोकारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस मौके पर छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रा प्रतीक्षा, राधिका,रिचा, साल्वी ओमर ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। गायत्री विश्वकर्मा और महक ने राधा कैसे न जले, मनिका ने हर देश में तू तथा साल्वी ओमर ने ओ री पिया गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। छात्राओं ने जल बचाओ,जीवन बचाओ तथा मतदाता जागरूकता पर लघु नाटिका का मंचन कर सार्थक सन्देश दिया। शगुफ्ता ने स्वरचित गुरुवर में संसार समाया गीत तथा होली डांस से सबका मनमोह लिया। डॉ. अमृता मिश्रा ने सप्तदिवासीय शिविर की विस्तृत आख्या प्रस्तुत कर अतिथियों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि करुणामय है,कमजोर नहीं है ये दिखा रही है बेटियां,हर क्षेत्र के शिखर पर परचम लहरा रही हैं बेटियां। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्राओं का उत्साह उरूज पर था। कार्यक्रम का संचालन डॉ रीमा शुक्ला ने किया। इस दौरान डॉ. रीता शुक्ला, डॉ. मनीषा खन्ना, डॉ. सायरा खातून, डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ. आकांक्षा पटेल, डा. मनीषा गुप्ता,डॉ सीमा यादव डा. मधुबाला समेत महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शिविर में पर्यावरण संरक्षण पर जोर

**बहराइच।** राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के छठे दिन का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमृता मिश्रा के निर्देशन में छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत तथा राष्ट्रगान के साथ किया गया। तत्पश्चात शिविर के प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमृता मिश्रा द्वारा टोलियों को कार्य विभाजित किया गया। आज के विशेष शिविर की थीम हरी भरी धरती – संरक्षित रहे प्रकृति विषय पर केन्द्रित थी। इस थीम को रखने का मुख्य उद्देश्य प्रकृति संरक्षण एवं संवर्धन के बारे में जागरूकता फैलाना और प्रदूषण मुक्त वातावरण को बढ़ावा देना है। जीवन की दृष्टि से पर्यावरण मानव के लिए काफी आवश्यकता है। जल, जंगल और जमीन तीनों उसके प्रमुख आधार हैं। विकास के मौजूदा मॉडल की विडंबना यह कि जीवन के इन तीनों आधारों को प्रदूषण ने प्रभावित कर दिया है। यही वजह है कि आज देश की आबादी का बड़ा हिस्सा शुद्ध हवा – पानी जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से भी वंचित है।

क | शुक्रवार • 15.03.2024
amarujala.com/lucknow


**न्यूज डायरी**

## पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर

**बहराइच।** हरी भरी धरती, संरक्षित रहे प्रकृति थीम पर बृहस्पतिवार को महिला पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने सिसई हैदर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण मानव के लिए बहुत आवश्यक है। जल, जंगल और जमीन उसके प्रमुख आधार हैं। उन्होंने कहा कि समाज में पौधरोपण की संस्कृति विकसित हो तभी पर्यावरण को शुद्ध बनाया जा सकेगा। इस दौरान रानी लक्ष्मी बाई टोली डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ. आकांक्षा पटेल, तनवीर, छाया के नेतृत्व में छात्राओं ने पौधरोपण व रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर उमेश प्रताप सिंह, अतुल रावत, नवीन कश्यप, राजकुमार आदि लोग मौजूद रहे। (संवाद)

दिनांक 15—03—2024 को सभी छात्राएँ नित्य की भांति समय पर शिविर स्थल पहुंच गई। उपस्थिति, प्रार्थना एवं योगाभ्यास के पश्चात् छात्राएं अपने पूर्व निर्धारित कार्यों में लग गईं।आज महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित किया जा रहा था। इस अवसर पर छात्राओं ने कार्यक्रम स्थल की सफाई कर मार्ग में चूने का छिड़काव किया व समापन समारोह कार्यक्रम देखने के लिए आमन्त्रित अतिथियों के बैठने व मंच व्यवस्था का कार्य जिम्मेदारी के साथ संभाल लिया। इसके पश्चात् छात्राओं ने पुनः ग्राम—वासियों को बाल—विवाह न करने,किसी भी तरह का नशा न करने, शौचालय का प्रयोग करने, अपने बच्चों को बिना लिंगभेद के स्कूल भेजने व उन्हें स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित कर उन्हें कार्यक्रम देखने के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष बहराइच श्रीमती सुधा टेकड़ीवाल एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0प्रो. प्रिया मुखर्जी द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अमृता मिश्रा ने अतिथियों का

पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को मुक्तकंठ से सराहा। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस जैसे कार्यक्रम हमें हमारे समाज एवं राष्ट्र के प्रति जागरूक कर सार्थक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने एनएसएस शिविर के आयोजन की सराहना की और छात्राओं  से कहा कि शिविर में अर्जित ज्ञान को दूसरों से भी साझा करें तभी शिविर का उद्देश्य सार्थक होगा। प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) प्रिया मुखर्जी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में प्रतिभाग करके अपने व्यक्तित्व को निखारना चाहिए। आज की हमारी छात्राएं ही हमारा कल का भविष्य लिखेंगी। एनएसएस शिविर छात्राओं को शिक्षा के साथ साथ संस्कारों एवं सरोकारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। छात्राओं ने विविध संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। छात्रा प्रतीक्षा,राधिका,रिचा, साल्वी ओमर ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। गायत्री विश्वकर्मा और महक ने राधा कैसे न जले , मानिका ने हर देश में तू पर गायन तथा साल्वी ओमर ने ओ री पिया गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी।

छात्राओं ने जल बचाओ,जीवन बचाओ तथा मतदाता जागरूकता पर लघु नाटिका का मंचन कर सार्थक सन्देश दिया। शगुफ्ता ने गुरुवर में संसार समाया गीत तथा खुशी एवं शगुन ने होली डांस से सबका मन मोह लिया। डॉ0 अमृता मिश्रा ने सप्तदिवासीय शिविर की विस्तृत आख्या प्रस्तुत कर अतिथियों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि करुणामय है,कमजोर नहीं हैं ये दिखा रही हैं बेटियां, हर क्षेत्र के शिखर पर परचम लहरा रही हैं बेटियां। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्राओं का उत्साह उरूज पर था। अंत में एक छोटे से वीडियो के माध्यम से सप्त दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत किये गए कार्यो की झलक प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 रीमा शुक्ला ने किया। इस दौरान डॉ0 रीता शुक्ला, डॉ0 मनीषा खन्ना, डॉ0 सायरा खातून, डॉ0 प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ0 आकांक्षा पटेल, डॉ0 मनीषा गुप्ता, डॉ0 सीमा यादव डॉ0 मधुबाला समेत महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एनएसएस के कार्यक्रम लाते हैं सार्थक परिवर्तन

सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ एनएसएस के विशेष शिविर का समापन



# सार्थक परिवर्तन लाने में सहायक होते हैं एनएसएस के कार्यक्रम : सुधा टेकड़ीवाल

**सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ महिला पीजी कॉलेज में एनएसएस के विशेष शिविर का हुआ समापन**

अजय त्रिपाठी

बहराइच विश्व फलक। महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक द्वारा चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रो. प्रिया मुखर्जी ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को मुक्तकंठ से सराहा। उन्होंने कहा कि एनएसएस जैसे कार्यक्रम हमें समाज एवं राष्ट्र के प्रति जागरूक कर सार्थक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने एनएसएस शिविर के आयोजन की सराहना की और छात्राओं से कहा कि शिविर में अर्जित ज्ञान को दूसरों से भी साझा करें तभी शिविर का उद्देश्य सार्थक होगा। प्राचार्या डॉ. प्रिया मुखर्जी ने कहा कि राष्ट्रीय



सेवा योजना के शिविर में प्रतिभाग करके अपने व्यक्तित्व को निखारना चाहिए। आज की हमारी छात्राएं ही हमारा कल का भविष्य लिखेंगी। एनएसएस शिविर छात्राओं को शिक्षा के साथ साथ संस्कारों एवं सरोकारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस मौके पर छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रा प्रतीक्षा, राधिका,रिचा, साल्वी ओमर ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। गायत्री विश्वकर्मा और महक ने राधा कैसे न जले , मनिका ने हर देश में तू तथा साल्वी ओमर ने ओ री पिया गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। छात्राओं ने जल बचाओ,जीवन बचाओ तथा मतदाता जागरूकता पर लघु नाटिका का मंचन कर सार्थक सन्देश दिया। शगुफ्ता ने स्वरचित गुरुवर में संसार समाया गीत तथा होली डांस से सबका मनमोह लिया। डॉ. अमृता मिश्रा ने सप्तदिवसीय शिविर की विस्तृत आख्या प्रस्तुत कर अतिथियों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि करुणामय है,कमजोर नहीं है ये दिखा रही हैं बेटियां,हर क्षेत्र के शिखर पर परचम लहरा रही हैं बेटियां। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्राओं का उत्साह उरूज पर था। कार्यक्रम का संचालन डॉ रीमा शुक्ला ने किया। इस दौरान डॉ. रीता शुक्ला, डॉ. मनीषा खन्ना, डॉ. सायरा खातून, डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ. आकांक्षा पटेल, डा. मनीषा गुप्ता,डॉ सीमा यादव डा. मधुबाला समेत महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सार्थक परिवर्तन लाने में सहायक होते हैं एनएसएस के कार्यक्रमः सुधा

सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ महिला पीजी कॉलेज में एनएसएस के विशेष शिविर का समापन



प्राचार्या
महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बहराइच

Coordinator
IQAC
Mahila Mahavidyalaya, Bahraich

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बहराइच